## महानगरी, गंगा कावेरी, संघ मित्रा, पुणे दानापुर, वन्दे भारत के ठहराव की मांग



**गाडरवारा, देशबन्धु।** क्षेत्र के यात्रियों द्वारा अनेक यात्री गाड़ियों के ठहराव की मांग को जा रही है।

उल्लेखनीय है कि महानगरी, गंगा कावेरी, संघ मित्रा, पुणे दानापुर, वन्दे भारत ट्रेन के स्टॉपेज करने के मांग लंबे समय से हो रही है। जनहित मे यात्रियों की मांग को लेकर गाड़ र वारा के नागरिकों ने रेल्वे प्रबंधक जबलपुर को कई बार ज्ञापन सौंपा गया लेकिन रेल्वे द्वारा मांग पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। यात्रियों का कहना है बार बार ट्रेन बदलने से यात्रियों को विभिन्न प्रकार की समस्या का सामना करना पड़ता है, जिससे समय और पैसे की बर्बादी होती है। नगर में एनटीपीसी के कारण भी व्यापार का बड़ा केंद्र बन गया है। क्षेत्र के छात्रों को उच्च शिक्षा के लिए ट्रेन ना होने से 10 से 12 घंटे तक का समय बर्बाद होता हैं। सरकारी, अधिकारी कर्मचारी को व्यापारिक वर्ग को समस्या का तत्काल समाधान की मांग की है साथ में मेमो ट्रेन में बोगी और लगाई जाने की मांग की है।

## अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर किया विभिन्न योगासनों का अभ्यास

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** विगत दिवस प्रधानमंत्री एक्सलेंस कॉलेज नरसिंहपुर में 11 वा अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन प्रधानमंत्री एक्सलेंस कॉलेज के समनवय से मनाया गया। जिसमें माई भारत से जुड़े हुए नरसिंहपुर निवासी स्वयंसेवको दुरा भाग लिया गया। कुमारी अर्पित सक्सेना (स्पोर्ट ऑफिसर)की अगुवाई



में योग-प्राणायाम का अभ्यास किया गया एवं उपस्थित प्रतिभगियो ने सरल एवं प्रभवी योगासनों की विधि सीखी ।माई भारत की और से मंच से संदेश दिया गया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अगुवाई में वर्ष 2014 से विश्व भर में 21 जून को योग दिवस के रूप में मनाया जाता है एवं स्वयंसेवी युवाओ को भारत की संस्कृतिकक विरासत योग के बारे में जन साधारण को जागरूक करने का विशेष प्रयास करना चाहिए। करकयम की अंतिम बेला में माई भारत नरसिंहपुर की ओर से कुमारी ।अर्पित सक्सेना, कॉलेज के प्राचार्य डॉ ।आर.बी.सिंह,हृस्स्‍ के प्रोग्राम ऑफिसर जीएस मर्सकोले, गजेंद्र सिंह(प्राध्यापक)योगा ने उनके प्रयासों को सराहा गया।

## मूंग, उड़द उपार्जन के लिए पंजीयन जारी, सात जुलाई से होगी खरीदी

**गाडरवारा, देशबन्धु।** ग्रीष्मकालीन मूंग उड़द के समर्थन मूल्य पर उपार्जन के लिये पंजीयन 19 जून से शुरू हो गए है। अंतिम तिथि 6 जुलाई है। 7 जुलाई से 6 अगस्त तक उपार्जन किया जाएगा। इस बार मूंग का न्यूनतम समर्थन मूल्य 8682 रूपये प्रति क्विंटल और उड़द का न्यूनतम समर्थन मूल्य 7400 रूपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है।

किसान समग्र पोर्टल या नजदीकी कृषि उपज मंडियों में पंजीयन करा सकते हैं। केवल पंजीकृत किसान ही एमएसपी योजना का लाभ उठा सकेंगे। ध्यान रहे मूंग एवं उड़द के लिये संबंधित किसानों को पंजीयन के लिये किसान की फसल का नाम, आधार नंबर, बैंक खाता नंबर, आईएफसी कोड सहित भूअधिकार ऋण पुस्तिका की स्व-प्रमाणित छायाप्रति संलग्न करना होगी।

**ऐसे कराए पंजीयन-** मूंग उड़द खरीदी के लिए किसानों को ई उपार्जन पोर्टल पर ऑनलाइन पंजीयन कराना होगा। सिर्फ वही किसान पंजीयन करा सकेंगे, जिनके पास मूंग या उड़द की फसल का प्रमाण है। पंजीयन प्रक्रिया निःशुल्क है। किसान का आधार नंबर और बैंक खाता लिंक होना जरूरी है। किसान एक ही मोबाइल नंबर से एक ही पंजीयन करा सकेंगे।

किसानों को पंजीयन के समय आधार लिंक बैंक खाता, फसल विवरण और उत्पादन की जानकारी देनी होगी। इसके बाद ऑनलाइन स्लॉट बुक कराकर संबंधित उपार्जन केंद्र में अपनी फसल तुलवा सकते हैं। पंजीकृत मोबाइल नंबर पर मैसेज भेजा जाएगा। इसमें समय और केंद्र का भी जिक्र होगा।

किसान अपने ग्राम पंचायत सचिव, कृषि विस्तार अधिकारी या कॉमन सर्विस सेंटर जाकर ऑफलाइन भी पंजीयन करवा सकते हैं। इसके लिए शासन ने कुछ पंजीयन केंद्र भी निर्धारित कर रखे हैं, जहां निर्धारित शुल्क जमा कर पंजीयन करा सकते हैं।

### सार-समाचार

## स्मैक के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** थाना स्टेशनगंज अंतर्गत आरोपी शेख इरफान उर्फ मोहम्मद इरफान पिता शेख नसीर, उम्र 40 साल, निवासी मुशरानवन, महाजनी वार्ड, नरसिंहपुर को मुखबिर की सूचना के आधार पर गिरफ्तार किया जाकर उसके कब्जे से लगभग 1 लाख 57 हजार मूल्य की 10.50 ग्राम अवैध मादक पदार्थ समैक जप्त की जाकर आरोपी के विरूद्ध अपराध क्रमांक 532/2025 धारा 8 (ए) (सी)/ 21 बी एनडीपीएस एक्ट पंजीवद्ध किया गया है। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी स्टेशनगंज, निरीक्षक रत्नाकर हिग्वें, उनि विजय द्विवेदी, प्र.आरक्षक आशीष मिश्रा, आरक्षक लक्ष्मी नगपूरे, आरक्षक गोविंद सिंह, आरक्षक चालक प्रशांत सिंह की सराहनीय भूमिका रही है।

## गुरु पूर्णिमा पर होगा रुद्र निर्माण

**गाडरवारा, देशबन्धु।** विगत दिवस स्थानीय दद्दा शिष्य मंडल की बैठक संपन्न हुई, जिसमे तय हुआ हर साल की तरह इस साल भी गुरू पूणिमा उत्सव अपना पैलेस मे मनाया जाएगा। इस अवसर पर रूदनिर्माण रुद्राभिषेक हवन किया जाएगा।

## पेंशनर एसोसिएशन आज सौंपेगा ज्ञापन

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** आज दिनांक 23 जून को दोपहर 1 बजे कलेक्टर के माध्यम से मुख्यमंत्री को मप्र, विद्युत मंडल पेंशनर एसोसिएशन एवं म प्र पेंशनर्स समाज द्वारा अपनी मांगों का ज्ञापन सौंपा जाएगा,। सभी साथियों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थिति की अपील म प्र विद्युत मंडल पेंशनर एसोसिएशन एवं म प्र पेंशनर्स समाज द्वारा की गई है।

## बेशकीमती सागौन की लकड़ी सहित एक आरोपी वाहन सहित जप्त किया वन विभाग ने



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** पूर्व वनमण्डल छिंदवाड़ा अंतर्गत वन संरक्षक मधु व्ही राज के निर्देशानुसार एवं वनमण्डलाधिकारी एल.के. वासनिक व उपवनमंडलाधिकारी भारत सोलंकी के मार्गदर्शन में वन परिक्षेत्र छिंदवाड़ा अंतर्गत रात्रि गस्ती के दौरान सिल्लैवानी क्षेत्र मे तेलियापठार ग्राम के समीप बोलेरो (पिकअप) एम.पी.-28 जी 0903 मे 12 नग =1.041 घ.मी. एवं वनोपज का मूल्य 62319.00 रुपए मूल्य के सागोंन लट्ठा उमरानाला के समीप दुर्गूढाना से तेलिया पठार रोड पर जप्त किया गया एवं वाहन के साथ एक मुल्ज़िम जो वाहन मालिक रामकुमार पिता बलवंतराव धारे उम्र 33 साकिन-कोड़ामऊ को भी पकड़ा गया तथा एक आरोपी मौके से भाग निकला। यह सागौन चांद या बिसापुर जाने की बात आरोपी द्वारा बताई गई जो कि स्पष्ट नहीं हो सकी है। बता दें कि इस तरह के वन माफियाओं का खेल चल रहा था जिसे वन परिक्षेत्राधिकारी छिन्दवाड़ा पूर्व वनमण्डल ने धर दबोचा।

## अवैध गांजा तस्करी पर की गई कार्यवाही

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** पुलिस अधीक्षक अजय पाण्डेय व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आयुष गुप्ता के निर्देश एवं नगर पुलिस अधीक्षक अजय राणा के मार्गदर्शन में अवैध मादक पदार्थ के विक्रय पर अंकुश लगाए जाने के निर्देश प्राप्त हुए है। 21 जून 25 को कुण्डीपुरा पुलिस को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई थी कि झिरी जमुनिया का रहने वाला गोविंद पिता बाबूलाल उसरेठे उम्र 62 साल अपने पास एक पारदर्शी पन्नी में पेपर के अंदर हरे रंग की पन्नी में अवैध रुप से मादक पदार्थ गांजा लेकर यात्री प्रतिक्षालय बायपास रोड सारना में बैठा है एवं गांजा बेचने की फिराक में है जो तत्काल थाना प्रभारी कुण्डीपुरा करिश्मा चौधरी, चौकी प्रभारी धरमटेकडी अविनाश पारधी द्वारा टीम गठित कर आवश्यक दिशा निर्देश देकर रेड कार्यवाही करने रवाना किया गया।



## नेहरु विद्यालय में मनाया गया अंतरराष्ट्रीय योग दिवस

**नरसिंहपुर,देशबन्धु।** 11 वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य के लिये योग की थीम पर नेहरू उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में प्रात: 6 बजे से योग दिवस का आयोजन किया गया। इसमें प्राचार्य डा. ए के चौबे सहित शिक्षक शिक्षिकाओं विद्यार्थियों एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अधिवक्ताओं ने भाग लिया। सभी छात्रों शिक्षकों ने टीवी में प्रसारित योग दिवस के कार्यक्रमों के अनुसार योग किया तथा प्रधानमंत्री मोदी के वक्तव्य को भी सुना। कार्यक्रम का संचालन योग प्रभारी श्रीमती सीमा दीक्षित ने एवं आभार प्रदर्शन आनंद प्रकाश श्रीवास्तव ने किया।

## विद्युत विभाग की सुरक्षा के लिए वर्चुअल बैठक आयोजित

**गाडरवारा देशबन्धु।** विगत दिवस वर्षा ऋतु को ध्यान में रखते हुए, गाडरवारा विद्युत विभाग के कार्यपालन अभियंता आशुतोष कुमार ओझा की अध्यक्षता में सभी मैदानी अधिकारी एवं कर्मचारियों के लिए एक वर्चुअल बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में कार्य के दौरान संभावित दुर्घटनाओं से बचने के लिए सुरक्षा उपायों और सतर्कता को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

कार्यपालन अभियंता ओझा ने सभी कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि, एक छोटी सी गलती भी बड़ा हादसा बन सकती है। हमारी प्राथमिकता कर्मचारियों की सुरक्षा और उनके परिवार की सुरक्षा सुनिश्चित करना है। उन्होंने निर्देशित किया कि कार्य के दौरान सुरक्षा उपकरणों का उपयोग अनिवार्य रूप से करें और सतर्कता बरतें। इस अवसर पर दिए गए निर्देश इस प्रकार है। हेलमेट, दस्ताने, सेफ्टी शूज़ और सेफ्टी बेल्ट हमेशा पहने, इंसुलेटेड औजारों का उपयोग करें। लाइन पर अकेले काम न करें, टीम वर्क करें। जल्दबाजी और लापरवाही से बचें। सतर्क रहें, सुरक्षित रहें।

बैठक में उपस्थित सहायक अभियंता शुभम मेहरा ने कहा, सुरक्षा उपकरणों का सही उपयोग और टीम वर्क हमारे काम को सुरक्षित और कुशल बनाता है। कनिष्ठ अभियंता भूपाल सिंह ऊइके (सिहोरा वितरण केंद्र) ने जोड़ा, 卐उपकरणों की गुणवत्ता और उनका नियमित निरीक्षण हमारी सुरक्षा का आधार है।

कौडिया वितरण केंद्र के राकेश सिंह ने कहा, सुरक्षा नियमों का पालन करना न केवल हमारी जिम्मेदारी है, बल्कि इसे आदत बनाना चाहिए। सहायक अभियंता आशीष पटेल ने कहा, सुरक्षा के प्रति हमारी सजगता ही हमारे विभाग की प्रगति और समाज के विश्वास का आधार है। सभी उपकरणों का सही उपयोग और सतर्कता हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। सहायक अभियंता बीके सोनी ने कहा की सुरक्षा नियम केवल कागजों के लिए नहीं होते, बल्कि इन्हें हर कर्मचारी की दैनिक कार्य प्रणाली का अभिन्न हिस्सा बनाना चाहिए। बैठक में वितरण केंद्रों के सभी सहायक और कनिष्ठ अभियंताओं ने भी अपने-अपने विचार व्यक्त किए। जिसमें उमेश वाल्मीकि, रोहित यादव चीचली वितरण केंद्र ने सुझाव दिया।बैठक में सभी उपस्थित कर्मचारियों ने सुरक्षा नियमों का पालन करने का संकल्प लिया।

## सांदीपनि विद्यालय में मनाया गया 11वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** 11 वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन सांदीपनि विद्यालय नरसिंहपुर में किया गया। जिसमें विशाखापटनम से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री डा मोहन यादव के उद्बोधन का सीधा प्रसारण विद्यालय परिवार और छात्र छात्राओं के समक्ष किया गया।

प्रधानमंत्री के उद्बोधन पश्चात विद्यालय प्रांगण में सामूहिक योग और सूर्य नमस्कार सभी उपस्थित शिक्षक शिक्षिकाओं छात्र छात्राओं और पालकों ने किया। पालकों ने विद्यालय प्राचार्य प्रभात मिश्रा को गमले सहित पौधा वितरण कर सम्मान किया। इस अवसर पर प्रधानपाठक श्रीमती माधुरी गर्ग, महबूब अहमद अंसारी, देवेश वैद्य, श्रीमती मधु विश्वकर्मा और समस्त स्टाफ की




उल्लेखनीय उपस्थिति रही । योग और सूर्य नमस्कार का संचालन योग व्याख्याता डाक्टर सुशील दीक्षित जी द्वारा कराया गया। आभार प्रभात सिंह राजपूत द्वारा वयक्त किया गया।

## खाटू श्याम विशाल संध्या का भव्य आयोजन 27 जून को

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** श्रद्धा, भक्ति और संगीत से सराबोर एक अनुपम आध्यात्मिक संध्या का आयोजन ग्राम मोठार में 27 जून, शुक्रवार को होने जा रहा है। श्री खाटू श्याम जी की विशाल भजन संध्या में जिले के ख्याति प्राप्त भजन गायक अपनी स्वरांजलि से बाबा श्याम के चरणों में श्रद्धा अर्पित करेंगे। कार्यक्रम आयोजक अखिल अजय सूर्यवंशी ने जानकारी देते हुए बताया कि इस विशेष आयोजन में साक्षी एवं खुशी पाठक (पाठक सिस्टर्स) सुप्रसिद्ध देवी गीत व खाटू श्याम भजन गायिका आकाश नागवंशी, युवा एवं लोकप्रिय भजन गायक अपनी मनमोहक प्रस्तुतियों से भक्तों को भक्ति रस में डुबो देंगे, डॉ. संजय सोहागपुरे भजन गायक रहेंगे।

### कार्यक्रम की प्रमुख विशेषताएं

बाबा श्याम की भव्य ज्योत प्रज्वलन इत्र वर्षा से सुगंधित वातारण 56 भोग का दिव्य भोग दर्शन एवं सैकड़ों की संख्या में ग्रामवासी व श्रद्धालु उपस्थित रहेंगे। आयोजक समिति ने सभी श्रद्धालुओं से अनुरोध है कि समय पर पधारें और इस भक्ति संध्या का लाभ उठाएं।

## नवोदय में प्रवेश के लिए 29 जुलाई तक आवेदन आमंत्रित

**नरसिंहपुर।** नवोदय विद्यालय समिति बोहानी द्वारा कक्षा 6 वीं में प्रवेश के लिए प्रवेश परीक्षा 13 दिसम्बर 2025 को आयोजित की जायेगी। नवोदय प्रवेश चयन परीक्षा के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन आवेदन करने का कार्य प्रारंभ किया जा चुका है, ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करने की अंतिम तिथि 29 जुलाई 2025 निर्धारित की गई है। इच्छुक विद्यार्थी अपना ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन नवोदय विद्यालय समिति की बेवसाइट पर जाकर कर सकते है। जिला शिक्षा अधिकारी नरसिंहपुर ने सभी विद्यालय के संकुल प्राचार्यों से कहा है कि वे संकुल की शालाओं के प्रधान पाठकों को आवेदन फार्म ऑनलाइन भरवाना सुनिश्चित करें।

## विकास और सार्वजनिक हित की बात करते थे मनोहर भैया

### सभी ने अपूरणीय क्षति बताया

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** जिले के वरिष्ठ नेता हर दिल अजीज सेठ मनोहर लाल साहू के निधन पर जिले के राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों कार्यकर्ताओं और विभिन्न सामाजिक धार्मिक, साहित्यिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने गहरा दुख व्यक्त किया है उनके निधन को जिले के लिए अपूरणीय क्षति बताया है। जिला भाजपा अध्यक्ष रामसनेही पाठक ने गहरा दुख व्यक्त करते हुए कहा कि स्व. श्री साहू का व्यक्तित्व बेहद मिलनसार और कर्मठ था विचारधारा अलग-अलग होने के बावजूद भी स्वर्गीय श्री साहू से काफी सीखने और समझने मिला। वे अपनी पार्टी के प्रति हमेशा संकल्पित रहे। जिला कांग्रेस अध्यक्ष नरेंद्र राजपूत ने पार्टी के अलावा अपनी व्यक्तिगत क्षति बताते हुए कहा कि मनोहर भैया से हम लोगों ने काफी कुछ सीखा, हमेशा ही पार्टी हित की बात करते



थे और क्षेत्र के विकास के लिए चिंतित रहते थे। उनके निधन से केवल पार्टी को ही नुकसान नही हुआ वरन सार्वजनिक हित के कार्यों में उनके सुझाव से जो लाभ होता था उससे भी अब हम वंचित रह जाएंगे।

स्वर्गीय श्री साहू ने हमेशा संगठन के हित में काम किया और विभिन्न पदों का दायित्व सफलतापूर्वक निभाया। पूर्व विधायक एवं पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुनील जयसवाल ने बताया कि हर परिस्थिति में हो कांग्रेस के साथ रहे कभी भी विचारधारा से समझौता नहीं किया और मैं भी अनेक अवसर पर उनसे मार्गदर्शन लेता था । हम सब लोग उनके निधन से स्तब्ध हैं । पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष पंडित मैथिली शरण तिवारी ने श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि मनोहर भाई अपनी बेबाकी टिप्पणी के लिए जाने जाते थे हमेशा पार्टी और सार्वजनिक हित की बात करते थे निश्चित तौर पर उनके निधन से हमने एक पारिवारिक सदस्य को खो दिया।

इंजी. सुनील कोठारी ने कहा कि मनोहर जी हमेशा हर वर्ग से संवाद रखते थे मुझे भी अक्सर उनसे कई विषयों पर बात करने का अवसर प्राप्त होता था वह हमेशा क्षेत्र के विकास की बात करते थे और सभी के प्रति प्रेम आदर रखते थे। यही वजह है कि वे सबके चाहते थे । वरिष्ठ पत्रकार संजय जैन ने श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि आदरणीय मनोहर भैया एक विचारधारा थे और उन्होंने अपनी विचारधारा से समझौता नहीं किया उनके विचार हमेशा प्रेरक रहते थे वह हमेशा पत्रकारों से क्षेत्र के विकास और सामाजिक धार्मिक कुरीतियों पर भी लंबी चर्चा करते थे। पेंशनर समाज के प्रांतीय अध्यक्ष एसके चतुर्वेदी ने बताया कि वे प्रतिदिन शाम के समय पैदल शहर में घूमने निकलते थे । इसी दौरान उनसे सत्संग होता था और उनकी सकारात्मक रचनात्मक विचार हमेशा प्रेरणा का काम करते थे। निश्चित तौर पर यह कमी अब हमेशा रहेगी। युवा नेता अतुल चौरसिया,रोहित पटेल ने बताया कि मनोहर चाचा जी से उम्र का लंबा अंतर होने के बाद भी वे हम लोगों से मित्रवत व्यवहार करते थे उनसे हम युवाओं को बहुत कुछ समझने मिला कई कार्यक्रमों आयोजनों में उनका मार्गदर्शन प्राप्त होता था हमेशा आगे बढ़ाने की बात करते थे। भाजपा और कांग्रेस के अलावा अनेक धार्मिक सामाजिक और उनके निधन पर दुख व्यक्त किया है।

## व्याख्यान सम्मान समारोह और भजन संध्या का आयोजन

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** मोह हमे सांसारिक बंधनों से बांधता है जबकि भक्ति परमात्मा से जोड़ती है । हम सत्संग भक्ति से अपने कर्म आचरण मन वाणी में परमात्मा को उतारें। इस संसार से भागें नहीं अपितु इस में रहकर इसे सुंदर बनायें। भगवान श्रीकृष्ण ने गीता में यही संदेश अर्जुन को दिया है। उक्ताशय के विचार पं.रामस्वरूप शर्मा ने बरिया बारे हनुमान मंदिर में आयोजित गीता रामायण सत्संग में व्यक्त किये। साहित्यकार कवि अशोक त्रिपाठी ने मानस के राम वन गमन प्रसंग से मां के स्वरूप को उभारते हुए कहा कि एक मां



कैकयी है जो अपने पुत्र के मोह में राम को वन भेज रही है। दूसरी मां सौमित्रा हैं जो राम की सेवा के लिए पुत्र लक्ष्मण को वन भेज रही हैं। तीसरा मां कौशल्या हैं जो पिता के वचनों के परिपालन हेतु अपने पुत्र राम को वन गमन जाने हेतु आशीष दे रहीं हैं।हे मातृशक्ति तुम मां सौमित्रा बनना कौशल्या बनना पर कभी कैकयी मत बनना। मां मां होती है जगत जननी होती है। उक्त अवसर पर वरिष्ठ जन परिषद और आयोजन समिति की ओर से सेवानिवृत नरसिंहपुर तहसील पेंशनर समाज अध्यक्ष अनिल राय का उनके जन्मोत्सव पर शाल श्रीफल से सम्मान और अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम के दूसरे दौर में स्व.मां भागवती राय की पुण्य पावन स्मृति में सरस भजन संध्या का आयोजन किया गया।


# मार्केट वॉच गाडरवारा

क्लासिफाईड विज्ञापन के लिए अनिल गुप्ता गाडरवारा से संपर्क करें। मोबाईल - 9424328221

सोसायटी फॉर अवेयरनेस एण्ड रूरल एडवांसमेंट, संबद्ध अध्ययन केन्द्र

अटल बिहारी वाजपेयी हिन्दी विश्वविद्यालय, भोपाल

Sara Group of Institutions

पत्रोपाधि पाठ्यक्रम
- प्राथमिक चिकित्सा उपचार
- आधारभूत स्वास्थ्य संरक्षण
- योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा
- फैशन डिजायनिंग
- संगणक अनुप्रयोग डीसीए

प्रवेश प्रारंभ

एसआर एन्क्लेव, जमाड़ा रोड, महाराणा प्रताप वार्ड, गाडरवारा जिला-नरसिंहपुर, फोन-8989167883

स्नातकोत्तर पत्रोपाधि पाठ्यक्रम
- आधारभूत स्वास्थ्य संरक्षण
- आहार एवं जनस्वास्थ्य पोषण
- सायबर कानून
- जर्नलिज्म एवं मास कम्यूनिकेशन
- संगणक अनुप्रयोग पीजीडीसीए